an>

Title: Regarding appointment of senior doctors in ESI hospital in Chittorgarh Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदया, मैं अपने क्षेत्र चित्तौड़गढ़ जहां मार्बल और सीमेंट के कई उद्योग स्थापित हैं, की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। श्रम मंत्रालय ने राजस्थान में पहली मॉडल डिस्पेंसरी चित्तौड़गढ़ में स्थापित की है तथा कई पद भी सृजित किए हैं लेकिन आज तक वहां किसी विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं की गई है। वहां लगभग 30 से 35 हजार श्रमिक मार्बल और सीमेंट उद्योगों में काम करते हैं। इन्हें सिल्कोसिस नामक बीमारी हो जाती है। यह बहुत गंभीर बीमारी है जिसके कारण श्रमिकों को आए दिन अपना इलाज कराने के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है।

मेरा आपके माध्यम से श्रम मंत्री जी से यही आग्रह है कि वहां मिनि अस्पताल स्थापित किया जाए जिससे कि वहां के लोगों को इलाज हेतु दूसरे राज्यों में न जाना पड़े और वहां विशेषज्ञों की नियुक्ति हो ताकि श्रमिकों को तथा उनके परिवार के अन्य लोगों को चिकित्सा का लाभ मिल सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुधीर गुप्ता, श्री रोड़मल नागर, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री सी.पी. जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।